# जब लीजा रे को लगा था कि बानी जे काफी शर्मीली हैं

अभिनेत्री लीजा रे का कहना है कि जब उन्होंने समलैंगिक जोड़े पर आधारित वेब सीरीज की शूटिंग शुरू कि, जिसमें उनके साथ बानी जे थी, तब उन्हें लगा था कि बानी जे काफी शर्मीली इंसान हैं। लीजा ने कहा, मैं कुछ व्यक्तिगत कारणों से शो से बाद में जुड़ी। एक साथ शूटिंग करने के दौरान ही मैं बानी से पहली बार मिली थी।

उन्होंने कहा, मैं अंदर जाकर उसके बगल में बैठ गई, और वह काफी धीमी आवाज में बात कर रही थी और फिर मेरी तरफ देखा और मुझे लगा, वाह, यह एक समस्या है! हम यह कैसे करेंगे? वह बहुत शर्मीली थी।

दोनों अभिनेत्रियों ने फोर मोर शॉट्स प्लीज वेब सीरीज में साथ काम किया है।

हालांकि बानी ने भी लीजा के साथ अपनी पहली मुलाकात के दौरान की घटना अपना पक्ष रखते हुए कहा, मैं बस कोशिश कर रही थी कि उनसे बात न करूं, ताकि वह उठकर चली न जाएं। सीरीज का दूसरा सीजन भारत में 17 अप्रैल से एमेजॉन प्राइम वीडियो पर प्रसारित होगा।

# प्रियंका की आवाज और दीपिका की मुस्कान चाहती हैं करीना

बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर का कहना है कि वह प्रियंका चोपड़ा की आवाज और दीपिका पादुकोण की मुस्कान चाहती हैं।

करीना कपूर खान अपने रेडियो टॉक शो 'व्हॉट वुमन वॉन्ट' के दूसरे सीजन के साथ वापसी कर रही हैं। करीना से पूछा गया कि वह बॉलीवुड की एक्ट्रेसेस से क्या चाहती हैं। करीना ने कहा कि वह प्रियंका चोपड़ा की आवाज चाहती हैं। उन्हें प्रियंका की आवाज बेहद प्यारी लगती है। दीपिका पादुकोण से करीना उनकी मुस्कान चाहती हैं। करीना को दीपिका की मुस्कुराहट काफी पसंद है। इसके अलावा आलिया भट्ट के बारे में करीना ने कहा कि आलिया काफी प्रतिभाशाली हैं. इसलिए वह आलिया से कुछ टैलेंट चाहती हैं। करीना ने कहा कि वे मीडियाकर्मी और फोटोग्राफर्स से उनका कैमरा चाहती हैं और रिपोर्टर्स से जानकारियां चाहती हैं।

# बांग्ला में समानांतर के डब होने की ख्वाहिश रखते हैं स्वप्निल जोशी

मराठी अभिनेता स्वप्निल जोशी को नए वेब सीरीज समांतर में उनके अभिनय के लिए खूब सराहना मिली है। इस शो को हिंदी, तमिल और तेलुगू में भी डब किया गया है, लेकिन स्वप्निल चाहते हैं कि सीरीज को बांग्ला में भी डब किया जाए क्योंकि बंगाली दर्शक के रूप में काफी बेहतरीन होते हैं और मनोरंजन के पारखी भी होते हैं। यह शो इसी नाम से लिखी गई मराठी किताब पर आधारित है, जिसके लेखक सुहास शिरवलकर हैं। स्वप्निल के मुताबिक, बांग्ला और मराठी भाषा साहित्य की दृष्टि से काफी समृद्ध है। स्वप्निल ने बताया, बात जब दर्शकों की आती है, तो मैं यह बताना चाहूंगा कि बंगाली और मराठी दर्शक सबसे समझदार व विकसित दर्शकों में से हैं क्योंकि हम साहित्य से बेहद प्रभावित होते हैं। हमारा साहित्य समृद्ध और प्रयोगात्मक है। इसलिए हमारे दर्शक इस तरह की कहानियों से काफी पहले ही रूबरू हो चुके होते हैं। समांतर महाराष्ट्र में सबसे अधिक बिकी जाने वाली किताबों में से एक है। इसलिए मैं चाहता हूं कि हमारे शो को बंगला में डब और रिलीज किया जाए। मैं निश्चित हूं कि वहां के लोग इसे देखना जरूर पसंद करेंगे। समांतर में स्वप्निल के साथ कृष्णा भारद्वाज और तेजस्विनी पंडित भी हैं। इसे एमएक्स प्लेयर में प्रसारित किया जाता है।

# कोरोना से जंग में अजय-कंगना ने दिया डोनेशन

बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन और अभिनेत्री कंगना रनौत ने कोरोना वायरस (कोविड-19) के खिलाफ लड़ाई में डोनेशन दिया है।

इन दिनों भारत कोरोना वायरस से लड़ रहा है। कुछ दिनों पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना से लड़ने के लिए लोगों से डोनेशन की अपील थी जिसके बाद तमाम सेलेब्रिटीज आगे बढ़कर डोनेशन कर रहे हैं। अब इस लिस्ट में अजय देवगन और कंगना रनौत का नाम भी जुड़ गया है। अजय देवगन ने फेडरेशन आफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्पलाईज (एएफडब्ल्यूआईसीई) की आगे आकर मदद की है। इस फेडरेशन से करीब पांच लाख लोग जुड़े हुए हैं। इनमें से अधिकतम लोग रोज कमाते हैं और अपना पेट भरते हैं। अजय ने इनकी मदद के लिए 51 लाख रुपए फेडरेशन को दिए हैं।

कंगना रोज कमाने वाले वर्कर्स के लिए खाने का इंतजाम कर रही हैं। कंगना की बहन रंगोली चंदेल ने ट्विटर पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया,कंगना ने भी पीएम केयर्स फंड में 25 लाख की मदद की है और दैनिक वेतन भोगियों के परिवारों लिए राशन डोनेट किया है। हम एकजुट होकर खड़े होने की जरूरत है और जो भी हम अच्छा कर सकते हैं, करें। हमारे परिवार की ओर से धन्यवाद।

# अन्य हिरोइनों को टक्कर दे रहीं आइटम गर्ल हमसा नंदिनी



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

साउथ फिल्म इंडस्ट्री में एक तरफ जहां सामंथा, श्रुति हासन और नयनतारा जैसी हिरोइनें राज कर रही हैं, तो वहीं एक ऐसी ऐक्ट्रेस भी है, जो बीते कुछ सालों में तेजी से रफ्तार पकड़ रही है। यह हैं ऐक्ट्रेस हमसा नंदिनी जो अपने गानों के दम पर अन्य हिरोइनों को टक्कर दे चुकी हैं। सोशल मीडिया पर भी वह काफी पॉप्युलर हैं। हमसा न सिर्फ एक अच्छी ऐक्ट्रेस हैं बल्कि डांस में भी उनका कोई सानी नहीं। शायद यही वजह है कि हमसा ज्यादातर फिल्मों में आइटम सॉन्ग करते हुए नजर आती हैं।

हमसा को साउथ फिल्मों की स्टार आइटम के नाम से भी जाना जाता है। हालांकि खुद हमसा को इस टैग से नफरत है। साउथ फिल्मों में तापसी पन्नू से हंसिका मोटवानी और तमन्ना भाटिया तक आइटम सॉन्ग कर चुकी हैं, लेकिन हमसा उन सभी पर भारी पड़ीं। इंटरनेट पर मौजूद आंकड़ों के मुताबिक, हमसा एक आइटम सॉन्ग के लिए 25 लाख की फीस लेती हैं।

बहुत ही कम लोगों को पता होगा कि हमसा बॉलिवुड में भी काम कर चुकी हैं। वह साल 2006 में आई बिपाशा बसु स्टारर कॉर्पोरेट में नजर आई थीं। हमसा का असली नाम पूनम है और इसी नाम से उन्होंने कुछ फिल्में भी कीं। चूंकि फिल्म इंडस्ट्री में पूनम नाम की और भी हिरोइनें थीं, इसलिए डायरेक्टर वामसी ने उनका नाम बदलकर हमसा नंदिनी रख दिया। इन दिनों हमसा एसएस राजामौली की आने वाली फिल्म आरआरआर को लेकर चर्चा में हैं। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में वह एक कैमियो में नजर आ सकती हैं।

# आदित्य राय कपूर के साथ काम करना चाहती हैं कृति खरबंदा



बॉलीवुड अभिनेत्री कृति खरबंदा अभिनेता आदित्य राय कपूर के साथ काम करना चाहती है।

वर्ष 2016 में इमरान हाशमी की फिल्म राज रिबूट के साथ बॉलीवुड में करियर की शुरूआत करने वाली कृति ने वर्ष 2019 में अक्षय कुमार की फिल्म हाउसफुल 4 में काम किया था। इसके बाद कृति ने जॉन अब्राहम की फिल्म पागलपंती में काम किया। उन्होंने बताया कि वह भविष्य में किन एक्टर्स के साथ काम करना चाहेंगी।

कृति ने कहा कि उन्हें आदित्य रॉय कपूर के साथ काम करना है। उन्होंने कहा कि उन्हें आदित्य की फिल्म चॉइस और रोल पसंद हैं और वह उनकी एक्टिंग से प्यार करती हैं। कृति ने कहा कि वह वरुण धवन, रणवीर सिंह के साथ भी काम करना चाहती हैं। कृति देखना चाहती हैं कि रणवीर सिंह अपने किरदार में कैसे ढलते हैं। उन्होंने कहा कि रणवीर ने उनके साथ एक बार एक विज्ञापन शूट किया था, उसके बाद से ही वह रणवीर संग फिल्म करना चाहती हैं। कृति ने कहा कि उन्हें अक्षय कुमार के साथ भी दोबारा काम करना है।

# जवानी जानेमन देखने के बाद रोने लगी थीं करीना कपूर?



सैफ अली खान पिछली बार फिल्म जवानी जानेमन में दिखाई दिए थे। फिल्म में सैफ के साथ तब्बू लीड रोल में थीं जबकि इसी फिल्म से पूजा बेदी की बेटी अलाया फर्नीचरवाला ने बॉलिवुड में डेब्यू किया था। फिल्म को दर्शकों के मिले-जुले रिव्यूज मिले थे और अलाया को फिल्म के लिए काफी तारीफ मिली थी। इस फिल्म के बारे में हाल में अलाया ने एक दिलचस्प बात बताई है।

फिल्म में अलाया ने सैफ की बेटी का किरदार निभाया था। अलाया ने फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा कि इस फिल्म को देखने के बाद सबसे अच्छी तारीफ करीना कपूर की तरफ से मिली थी। अलाया ने कहा कि फिल्म की पहली स्क्रीनिंग देखने के बाद करीना अपनी जिंदगी की पुरानी यादों में खो गईं और रोने लगीं। जवानी जानेमन ने बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास अच्छा नहीं किया था। इस फिल्म ने केवल 24.58 करोड़ रुपये की कमाई की थी जो काफी कम थी। वर्क फ्रंट की बात करें तो करीना पिछली बार अक्षय कुमार के साथ फिल्म गुड न्यूज में दिखाई दी थीं। उन्होंने करण जौहर की मल्टी-स्टारर फिल्म तख्त भी साइन की है जिसकी शूटिंग लॉकडाउन के कारण आगे बढ़ा दी गई है। सैफ अली खान ने भी अली फजल और फातिमा सना शेख के साथ हॉरर कॉमिडी फिल्म भूत पुलिस साइन की है लेकिन उसकी शूटिंग भी साल के अंत तक के लिए टाल दी गई है।